PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

31-10-2019

# करेंट अफेयर्स

**31st October 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स - 31 अक्टूबर 2019

## 1. राष्ट्रीय एकता दिवस – 2019

- लौह पुरूष **सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंति** के अवसर पर आज राष्ट्र में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है।
- साल 2014 से इस दिन की शुरूवात की गई है।
- इस अवसर पर पूरे देश **में 'एकता दौड़'** का भी आयोजन किया जाता है।
- यह कार्यक्रम '**एक भारत श्रेष्ठ भारत**' के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक माध्यम है।
- भारत के प्रधानमंत्री ने गुजरात के केवड़िया में स्थित **स्टेच्यू ऑफ यूनिटी** पर सरदार पटेल को श्रद्धांजली अर्पित की।
- स्वतंत्रता के बाद भारत को एक करने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है।

## 2. केन्द्र सरकार स्वोंच्च नागरिक पुरस्कार प्रदान करेगी

- केन्द्र सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर **स्वोंच्च नागरिक पुरस्कार** देने की शुरूवात की है।
- इसकी घोषणा 31 अक्टूबर को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के अवसर पर की जाएगी।
- स्वोंच्च नागरिक पुरस्कार **राष्ट्रीय एकता और अखंडता** को बढ़ावा देने और **उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायक योगदान** को पहचानने और भारत को एकजुट तथा मजबूत बनाने के लिए दिया जाएगा।
- इसमें पुरस्कार स्वरूप **एक पदक** और **एक प्रशस्ति पत्र** प्रदान किया जाएगा।

## 3. लेबनान के प्रधानमंत्री साद हरीरी ने इस्तीफा दिया

- लेबनान के प्रधानमंत्री साद हरीरी ने दो सप्ताह से चल रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है।

- विरोध प्रदर्शन उन पर लगे राजनीतिक भ्रष्टाचार के आरोप और आर्थिक संकट को लेकर हो रहे हैं।
- विरोध प्रदर्शन के दौरान लेबनान के बेरूत में भड़की हिंसा उनके इस्तीफे का प्रमुख कारण है।

## 4. शिवा थापा और पूजा रानी ओलम्पिक टेस्ट के फाइनल में पहुचें

- भारत के शिवा थापा पूर्व में कांस्य पदक विजेता ने 63 किग्रा वर्ग में और पूजा रानी 75 किग्रा वर्ग में ओलम्पिक टेस्ट के फाइनल में पहुचँ गयी हैं।
- थापा पूर्व में चार बार एशियन खेलों में पदक जीत चुके हैं।
- जबकि पूजा एशियन खेलों में कांस्य पदक जीत चुकी हैं।

## 5. ओ सी आइ (OCI) भी अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के लिए आवेदन कर पायेंगे

- भारतीय मूल के विदेशी नागरिक भी अब राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के लिए आवेदन कर सकेगें।
- अब कोई भी भारतीय चाहे वह विदेश में ही क्यों ना रहता हो या वह भारतीय मूल का विदेशी नागरिक (OCI) ही क्यों ना हो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के लिए पंजीकरण करा सकता है।
- परंतु इसके लिए उसकी आयु 65 वर्ष से कम होनी चाहिये।
- भारत के **पेंशन कोष विनियामक और विकास प्राधिकरण** के द्वारा इसकी अनुमति प्रदान कर दी गई है।

## 6. भारतीय रेलवे ने शुरू किया 'ऑपरेशन धनुष'

- भारत के **मध्य रेलवे ज़ोन** के द्वारा त्याहारों के मौसम में बिना टिकट यात्रियों की बढ़ती संख्या और यात्रियों को अवैध दलालों के चंगुल से बचाने के लिए 'ऑपरेशन धनुष' शुरू किया गया है।
- यह ऑपरेशन मध्य रेलवे जोन के पाँचों डिवीजन में लागू किया जाएगा।

## 7. भारत में दो नये केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख आज से अस्तित्व में

- आज से भारत में दो नये केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख अस्तित्व में आयेगें।
- **गिरीश चन्द्र मुर्मू जम्मू कश्मीर** के तथा **राधा कृष्ण माथुर लद्दाख** के पहले उपराज्यपाल का पदभार संभालेगें।
- इसके बाद अब भारत में **राज्यों की संख्या 28** और **केन्द्रशासित प्रदेशों की संख्या 9** हो जाएगी।

## 8. भारत के रविंद्र सिंह ने अंडर–23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता

- विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप अंडर–23 में भारत के पहलवान रविंद्र सिंह ने 61 किलोग्राम वर्ग में **रजत पदक** जीत लिया है।
- **बुडापेस्ट** में आयोजित फाइनल में उन्हें **किर्गिस्तान** के पहलवान **उलूकबेक झोल्डोसबेकेव** ने 5 अंकों से हरा दिया।
- वर्तमान में उलूकबेक झोल्डोसबेकेव अंडर–23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के विजेता बन गये हैं।

## 9. 31 अक्टूबर : विश्व नगर दिवस

- इस दिन की शुरूवात 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक संकल्प द्वारा की गई थी।
- पहली बार 2014 में इस दिन को मनाया गया।
- इसका उद्देश्य **बढ़ती जनसंख्या तथा समस्याओं के बीच नियोजित और सतत् शहरी जीवन** को प्राप्त करने के लिए प्रयास करना है।
- इस वर्ष इसका आयोजन रूस के शहर **एकातेरिनबर्ग** द्वारा किया जा रहा है।
- इस वर्ष इसकी थीम है **'परिवर्तनशील विश्वः नवाचार और भावी पाढ़ियों के लिए बेहतर जीवन'**।

## 10. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) की दूसरी महासभा का आयोजन भारत में

- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की दूसरी महासभा का आयोजन 30–31 अक्टूबर को किया जा रहा है।
- देश विदेश के 400 से ज्यादा प्रतिनिधि इस महासभा में शामिल होगें।
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, सौर ऊर्जा पर आधारित 121 देशों का एक गठबंधन है। जिसका प्रारंभ भारत और फ्रांस के द्वारा 30 नवंबर 2015 को किया गया था।

www.pendulumedu.com

Pendulum Edu

Read Daily Current Affairs 30 October 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 30 October 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile



www.pendulumedu.com